राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1751

01 अगस्त, 2018 को उत्तर के लिए

भिलाई स्टील प्लांट का आधुनिकीकरण

1751. श्री राम विचार नेतामः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कार्यरत सरकारी क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने छत्तीसगढ़ में भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के भिलाई स्टील प्लांट के आधुनिकीकरण और विस्तार की कोई योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं इसके लिए अब तक कितनी धनराशि व्यय की गयी है और इसके लिए क्या समय सीमा तय की गयी थी?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): वर्तमान में, भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी), जो स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की एक इकाई है, छत्तीसगढ़ में प्रचालनरत एकीकृत इस्पात संयंत्रों में से एक है।

(ख) और (ग): सेल ने बीएसपी का आधुनिकीकरण और विस्तार कार्य आरंभ किया है जिसके अंतर्गत प्रमुख सुविधाएं जैसे 7 मीटर ऊँची नई कोक ओवन बैटरी सं. 11, सिन्टर प्लांट-3 में दूसरी सिन्टर मशीन, नया ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ) सं. 8 (4000 घन मीटर से अधिक आयतन वाली), सेकेंडरी रिफाईनिंग सुविधाओं और कन्टिन्यूअस कास्टर्स के साथ नई स्टील मेल्टिंग शॉप-III, यूनिवर्सल रेल मिल और रेल वेल्डिंग लाईन, बार एवं रॉड मिल तथा अन्य संबद्ध सहायक सुविधाएं एवं यूटीलिटियाँ स्थापित की गई हैं। जून, 2018 तक 18,832 करोड़ रुपये (सकल आधार पर) की धनराशि व्यय की गई है।

*****